हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री से.
न्यूनतम 21.0 डिग्री से.

10 श्रद्धालुओं ने की माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना



10 जनक दरबार में परशुराम-लक्ष्मण संवाद, विवाह....



खबर संक्षेप

निवेश का झांसा देकर 1.60 लाख रुपये का चूना

जींद। साइबर ठगों ने शिक्षा विभाग के क्लर्क को स्टॉक मार्केट मे मुनाफे का झांसा देकर एक लाख 60 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। सैक्टर 11 निवासी विनय गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीईओ कार्यालय में क्लर्क के पद पर कार्यरत है। गत दो सितंबर को उसके व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले मे स्टाक मार्केट एडवाइजरी कंपनी से बताया।

जेबीटी अध्यापक पर सुए से हमला कर किया घायल

जींद। धर्म सिंह कालोनी में किरायेदार जेबीटी अध्यापक पर नशे में धुत्त युवक ने बर्फ तोडने वाले सुए से हमला कर घायल कर दिया। आरोपित पांच हजार रुपये भी जबरन निकाल कर फरार हो गया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव किलाजफरगढ़ निवासी हरिदास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सरकार स्कूल में जेबीटी अध्यापक के पद पर डयूटीरत है। वह धर्मसिंह कालोनी में मकान किराये पर लेकर रह रहा है।

युवक पर बाइक सवार दो युवकों ने किया हमला

जींद। सफीदों में वेल्डिंग का काम करने वाले युवक पर बाइक सवार दो युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने घायल की शिकायत पर एक व्यक्ति नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सफीदों निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वेल्डिंग की दुकान चलाता है। गत छह जून को उसने सफीदों निवासी कोमल से कोर्ट मैरिज की थी। जिससे कोमल के परिजन नाराज थे।

अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

कैथल। अवैध हथियार सप्लाई के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने प्यौदा रोड कैथल निवासी दीपक को पकड़ा है, जबकि एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने गांव बालू निवासी अमरजीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने पहले पकड़े गए युवकों को अवैध हथियार उपलब्ध करवाए थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 अगस्त को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-18 स्थित पार्क से सुभाष नगर निवासी मनोज को काबू किया था।

जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी दबोचा

राजौंद। गांव रोहेड़ा में युवक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने के मामले में राजौंद थाना पुलिस ने आरोपी मंजीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, घायल युवक सावन के सिर पर लाठी से वार किया था, जिससे बेहोश हो गया था। डॉक्टर ने चोट को प्राणघातक बताया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रोहेड़ा निवासी कमलेश ने शिकायत दी थी कि उसका बेटा 24 जुलाई को 500 रुपये लेकर घर से निकला था।

लाखों की ठगी करने के मामले में आरोपी दबोचा

कैथल। कनाडा भेजने के नाम पर गांव कांगथली निवासी युवक से 19 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने अंबाला निवासी सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर युवक को वीजा और हवाई टिकट तैयार होने का भरोसा दिलाया था। शिकायतकर्ता निर्धारित तारीख पर फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा तो आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए 2 दिन के रिमांड पर लिया है।

रिहायशी इलाके में अवैध पटाखा फैक्टरी का भंडाफोड़, 55 पेटियां बरामद

कच्चा माल, पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, पैकिंग का सामान और एक टाटा पिकअप वाहन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अवैध रूप से पटाखे बनाने और उनका भंडारण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीआईए कलायत पुलिस ने पुंडरी क्षेत्र के फतेहपुर में एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से छह आरोपियों को काबू किया है, जो बिना किसी लाइसेंस या परमिट के रिहायशी इलाके में पटाखे तैयार कर रहे थे। पुलिस ने मौके से तैयार पटाखों की 55 पेटियां, कच्चा माल, पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, पैकिंग का सामान और एक टाटा पिकअप वाहन बरामद किया है।



कैथल। पुलिस गिरफ्त में सभी आरोपी। फोटो :हरिभूमि

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया की सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में 13 अक्टूबर को अपराध शाखा कलायत में तैनात मुख्य सिपाही देवेंद्र कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पुंडरी के पास फतेहपुर स्थित एक फैक्ट्री में अवैध तरीके से बम-पटाखे बनाए जा रहे हैं। सूचना के अनुसार, फैक्ट्री में काफी मात्रा में पटाखों का निर्माण किया जा रहा था और संचालकों के पास इसके लिए कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था। सूचना मिलने के बाद पीएसआई सौरभ की टीम ने कार्रवाई करते हुए रेडिंग पार्टी तैयार की। पुलिस टीम जब पुंडरी क्षेत्र के फतेहपुर स्थित फैक्ट्री में पहुंची तो बाहर खड़ी टाटा पिकअप में तैयार पटाखों की पेटियां मिलीं। इसके बाद फैक्ट्री के अंदर जांच की गई, जहां कुछ व्यक्ति पटाखे बनाते हुए मिले। पुलिस ने मौके पर मौजूद छह व्यक्तियों को काबू कर उनसे पूछताछ की। आरोपियों से पटाखे बनाने और भंडारण करने संबंधी लाइसेंस या परमिट मांगा गया, लेकिन वे कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। कार्रवाई के दौरान फायर ब्रिगेड विभाग को भी मौके पर बुलाया गया। पुंडरी के फायर ब्रिगेड प्रभारी एलएफएम कश्मीर सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने पिकअप में रखी पेटियों में से एक पेटी खोलकर जांच की, जिसमें बम-पटाखे होने की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड अधिकारी तथा अन्य कर्मचारियों की सहायता से बरामद सामग्री को सुरक्षित तरीके से नीचे उतरवाकर उसकी गिनती और जांच की। टाटा पिकअप से तैयार व पैकिंग की हुई 22 पेटियां तथा फैक्ट्री के अंदर से 33 पेटियां बरामद हुईं।

ये आरोपी गिरफ्तार

इस प्रकार कुल 55 पेटियां तैयार पटाखों की मिलीं। इसके अतिरिक्त फैक्ट्री से सफेद रंग का पाउडर, भीगा हुआ सफेद पदार्थ, लाल रंग का गीला पदार्थ तथा सफेद और लाल पाउडर व बजरी का मिश्रण बरामद हुआ। मौके से पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री भी बरामद की गई। इसमें वाल पुट्टी के 10 कट्टे, सफेद बजरी के छह कट्टे, पटाखों की पैकिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले खाली गत्ते की 47 पेटियां तथा प्लास्टिक की छोटी डिब्बियों वाली दो गत्ते की पेटियां शामिल हैं। पुलिस द्वारा काबू किए गए आरोपियों की पहचान अमर उर्फ सोंटी तथा गोल्डी दोनों निवासी धोस, मोहित निवासी पुंडरी, गुरजीत निवासी गांव दंढोल्ला, जिला पानीपत, सुंदर सिंह निवासी गांव करोड़ा तथा ओमपाल पुत्र सतपाला निवासी पुंडरी के रूप में हुई है।

एसडीएम ने मौके पर पहुंच किसानों को समझाया

गुस्साए किसानों ने पिल्लूखेड़ा मंडी गेट पर जड़ा ताला, जमकर नारेबाजी

मिलर न आने से नहीं हो रहा उठान, किसान धान उठान की मांग पर अड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी में धान की खरीद न होने तथा मिलर के न पहुंचने से खफा किसानों ने दोनों गेटों पर ताले जड़ दिए और धरना शुरू कर नारेबाजी शुरू कर दी। किसानों के बिफरने की सूचना पाकर सफीदों के एसडीएम पुलिकत मलोहत्रा पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और किसानों को समझाने की कोशिश की। किसानों ने साफ कहा कि जब तक मिलर नही आते तब तक मंडी के गेटों से ताला नही खोला जाएगा। पिल्लूखेड़ा मंडी में धान लेकर पहुंचे किसानों को मंगलवार को उस समय गुस्सा फूट पड़ा जब धान फसल की खरीद शुरू नही हुई और मिलर नही पहुंचे। किसी तरह खरीद शुरू हुई तो मिलर नही आए। खफा किसानों ने मंडी के दोनों गेटों पर ताले जड़ दिए और धरने पर बैठ गए। किसानों का कहना था कि मंडी में लगभग 45 हजार क्विंटल आवक हुई है। वे पिछले दस दिनों से मंडी में डेरा डाले हुए हैं। शुरू में नमी बता कर खरीद नही हुई। अब मिलर नही आ रहे हैं। मंडी धान से अट गई है। खरीद एजेंसी भी ढिलाई बरत रही हैं। जब तक मिलर मंडी में नही आते तब तक उठान नही होगा। जब सभी प्रक्रिया पूरी हो जाती है और धान का उठान हो जाता है, तभी किसान को कीमत मिलती है। बार-बार मौसम खराब हो रहा है। उन्हें फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। अब सिवाय तालाबंदी के कोई रास्ता नही बचा था। किसानों के बिफरने की सूचना पाकर सफीदों के एसडीएम पुलकित, मार्केट कमेटी सचिव तथा पिल्लूखेड़ा थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया।



जींद। मंडी में धरना देते किसान। फोटो :हरिभूमि



काम करने का आश्वासन

अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर ताले खोलने की अपील की। किसानों ने दो टूक कहा कि जब तक मिलर नही आते और मंडी से धान फसल का उठान नही होता, तब तक ताले नही खाले जाएंगें। जिस पर एसडीएम ने अलॉट किए गए मिलरों से संपर्क साध कर मंडी से धान फसल को उठाने को कहा। अलॉट मिलरों ने पिल्लूखेड़ा मंडी में पहुंच कर काम करने का आश्वासन दिया है।

उठान-खरीद की कमी से मेला मंडी एवं सब यार्ड लबालब भरे

नरवाना। नरवाना की मेला मंडी, सब यार्ड एवं खरीद केंद्रों पर मंडी गेट पास के अनुसार लगभग 417679 क्विंटल धान की आवक हुई जिसमें से नरवाना में 308580 क्विंटल धान आयी और धमतान साहिब, गढ़ी, धनौरी सब यार्ड एवं खरल, मंगलपुर खरीद केंद्रों पर लगभग 109099 क्विंटल धान आयी जिसमें से 113854 क्विंटल धान खरीदी गई और 283445 क्विंटल मंडियों में खरीद की इंतजार में खुले आसमान के नीचे पड़ी हुई है, जिससे किसानों और आढ़तियों की? सांस फुली हुई है क्योंकि दो दिन पहले बरसात होने की वजह से धान की फसल भीग गई थी अब आहिस्ता आहिस्ता उसको सुखाने का काम किया जा रहा है दोबारा कब बरसात आ जाए इस बात को लेकर आढ़तियों और किसानों की सांस अटकी हुई है। कब दोबारा बारिश हो जाए और उनकी धान की फसल फिर भीग जाए इसका डर उनको सता रहा है दूसरी और एक तो खरीद कम हो रही है।



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा चीका में पत्रकारों से बातचीत करते।

कृषि मंत्री श्याम सिंह ने चीका अनाज मंडी का किया निरीक्षण

■ धान खरीद प्रक्रिया की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने चीका अनाज मंडी का निरीक्षण कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में अपनी फसल लेकर पहुंचे किसानों से बातचीत की और खरीद, उठान तथा मंडी में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जाए। मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों की सुविधा सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार किसानों की मेहनत और उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों की धान की फसल का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाएगा। खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के साथ-साथ किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी धान की फसल को अच्छी तरह सुखाकर मंडी में लेकर आएं, ताकि खरीद प्रक्रिया में तेजी आए और उन्हें अपनी फसल बेचने में अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार किसान, मजदूर, आढ़ती सहित सभी वर्गों के हितों का ध्यान रख रही है और मंडियों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है। मंत्री ने एसडीएम को निर्देश दिए कि मंडी से धान के उठान की प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जाए और इसकी दैनिक रिपोर्ट भेजी जाए। कहा कि खरीद के साथ-साथ उठान की व्यवस्था भी सुचारू रहे।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्कुलवंत बाजीगर, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष जगमाल राणा, मांगे राम जिंदल सहित अन्य पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अवैध होम्योपैथिक हेल्थ केयर सेंटर का भंडाफोड़

जींद। आयुष विभाग की टीम ने गांव अमरावली खेड़ा के निकट अवैध रूप से चल रहे होम्योपैथिक हैल्थ केयर सैटर का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान संचालक के पास वैध प्रेक्टिस के दस्तावेज नही मिले। होम्योपैथिक हैल्थ केयर सेंटर से दवाइयां भी बरामद हुई है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने सेंटर संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला आयुष विभाग को शिकायत मिली थी कि गांव अमरावली में अवैध रूप से होम्योपैथिक हैल्थ केयर सेंटर चलाया जा रहा है। जिसके संचालक गांव मलार निवासी मनोज के पास प्रेक्टिस से संबंधित कोई डिग्री तथा डिप्लोमा नही है। सूचना के आधार पर टीम का गठन कर होम्योपैथिक हैल्थ केयर सेंटर पर छापेमारी की गई। जब संचालक से प्रक्टिस से संबंधित डिग्री डिप्लोमा तथा पंजीकरण के दस्तावेज मांगे गए तो मनोज उन्हें दिखाने में नाकाम रहा।



जींद। बालाजी होम्योपैथिक हेल्थ केयर सेंटर।



राजौंद। कोटड़ा में तेज हवा के कारण खेत में जमीन पर बिछी धान की फसल।

तेज हवा से बिछी धान की फसल, किसानों को नुकसान

राजौंद। पिछले दिनों हुई बरसात के बाद चली तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवा के कारण कई किसानों की धान की पककर तैयार खड़ी फसल खेतों में जमीन पर बिछ गई। इससे किसानों को उत्पादन में कमी के साथ आर्थिक नुकसान की आशंका है। गांव कोटड़ा में भी कई किसानों के खेतों में धान की फसल तेज हवा के कारण जमीन पर बिछ गई। किसानों ने बताया कि धान की फसल अब फलाव पर थी और कटाई का समय नजदीक आ रहा था। ऐसे में बरसात के बाद चली तेज हवाओं से फसल गिरने के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि जमीन पर गिरी धान की फसल की कटाई में भी परेशानी होगी और दाने खराब होने की आशंका बनी हुई है। किसानों ने प्रशासन से गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

तालाब में डूबने से किसान की मौत

■ पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव लिजवाना कलां में सोमवार रात एक व्यक्ति की तालाब में गिर कर डूबने से मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है। गांव लिजवाना कलां निवासी कर्मवीर (60) गत दिवस खेत में गया हुआ था। देर रात को तलाब के निकट से गुजरने के दौरान उसका पांव फिसल गया और वह तालाब में गिर कर डूब गया। हालांकि घटना का उसी समय पता चल गया था। लोगों द्वारा तालाब में सर्च अभियान चलाया गया। लगभग आधे घंटे की कड़ी मशक्त के बाद कर्मवीर को तालाब से बाहर निकाल सीएचसी जुलाना पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के दत्तक पुत्र जयदेव ने बताया कि जयवीर ने शादी नही की थी। उसे गोद लिया हुआ था। पुलिस ने मंगलवार को कर्मवीर के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है।



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

60 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित, तीन पेटेंट स्वीकृत, ई वेस्ट से दुर्लभ मृदा तत्वों के पुर्नचक्रण पर कर रही शोध

सीआरएसयू की डॉ. निशा देओपा लगातार चौथी बार विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) जींद के भौतिक विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. निशा देओपा ने शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्हें वर्ष 2026 में लगातार चौथी बार विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिला है। उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।

पीएचडी के दौरान तीन बार मिला शोध पुरस्कार



डा. देओपा को पीएचडी के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए तीन बार सराहनीय शोध पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से उन्हें 30 लाख रुपये की शोध परियोजना भी मिली। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने एमएससी स्तर की शोध परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की हैं।

ई वेस्ट से दुर्लभ तत्वों की प्राप्ति पर भी काम

डा. देओपा इलेक्ट्रॉनिक कचरे से दुर्लभ मृदा तत्वों के पुनर्चक्रण पर भी शोध कर रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बढ़ते इस्तेमाल के साथ उनसे निकलने वाले कचरे का उचित प्रबंधन एक महत्वपूर्ण चुनौती बन गया है। इस कचरे में मौजूद उपयोगी तत्वों को वैज्ञानिक तकनीकों से दोबारा प्राप्त करना संसाधनों के बेहतर उपयोग और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मददगार हो सकता है। दुर्लभ मृदा तत्वों का उपयोग विभिन्न आधुनिक तकनीकों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में किया जाता है।

डा. देओपा 12 वर्षों से अधिक समय से वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में सक्रिय हैं। अब तक उनके 60 से अधिक शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। जबकि उनके नाम तीन स्वीकृत पेटेंट भी हैं। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने डा. निशा देओपा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत सफलता के साथ.साथ पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि शोध के प्रति समर्पणए निरंतर परिश्रम और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। डा. निशा देओपा ने दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनका प्रमुख शोध क्षेत्र ग्लास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी है। इस क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव और निरंतर अनुसंधान का परिणाम है कि उनके शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हुए हैं। तीन पेटेंट का स्वीकृत होना उनके शोध की व्यावहारिक उपयोगिता को भी दर्शाता है। डा. देओपा का शोध केवल सैद्धांतिक अध्ययन तक सीमित नहीं है बल्कि वे ऐसी तकनीकों और पदार्थों पर भी काम कर रही हैं, जिनका उपयोग सुरक्षाए तकनीकी विकास और संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल में किया जा सकता है।

गोल्डन गर्ल आज पहुंचेंगी जींद, होगा भव्य स्वागत

जींद। एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन कर जींद का देश और प्रदेश में नाम रोशन करने वाली गोल्डन गर्ल नीरू ढांडा के स्वागत के लिए जींद में भव्य आयोजन किया जाएगा। बुधवार को ढोल, नगाड़ों की गूंज और उत्साह के बीच नीरू ढांडा का अभिनंदन किया जाएगा। उन्हें जींद के ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर से उनके पैतृक गांव संगतपुरा तक ले जाया जाएगा। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह उनका भव्य स्वागत होगा। नीरू ढांढा के स्वागत समारोह में कैबिनेट एवं शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा और हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिद्धा सहित अनेक गणमान्य लोग, भाजपा नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए आयोजनकर्ताओं द्वारा व्यापक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

खबर संक्षेप

टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2026 के पंजीकरण शुरू

जींद। हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा हरियाणा टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कक्षा पांचवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना, उनकी क्षमताओं को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपनी योग्यता प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने जानकारी दी।

जींद में होगी अस्मिता रग्बी राज्य प्रतियोगिता

जींद। प्रदेश में बालिका रग्बी को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा का अनुभव दिलाने के उद्देश्य से 24 और 25 अक्टूबर को जींद में अस्मिता रग्बी राज्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आधारशिला पब्लिक स्कूल में होने वाली इस प्रतियोगिता में अंडर 15 और अंडर 18 बालिका वर्ग की टीमें भाग लेंगी। प्रदेश के विभिन्न मान्यता प्राप्त जिलों की टीमों के बीच मुकाबले होंगे। जींद रग्बी संघ के अध्यक्ष सुरेश ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बालिका खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मैच खेलने के अवसर उपलब्ध कराना और उनकी खेल प्रतिभा को निखारना है।

पराली प्रबंधन और पौधरोपण पर चर्चा

उचाना। सरपंच एसोसिएशन उचाना प्रधान संदीप शर्मा गुरुकुल खेड़ा की अगुवाई में उचाना ब्लॉक के सरपंच, सरपंच प्रतिनिधियों ने एडीसी प्रदीप कौशिक से मुलाकात की। इस दौरान पराली प्रबंधन, पौधरोपण और अन्य सामाजिक कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सरपंचों ने पराली प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अभियान को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक कार्यों को गति देने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने में पंचायतों की अहम भूमिका है।

अनाज मंडियों में 26 हजार 224 मीट्रिक धान की आवक

जींद। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को बताया कि अलेवा की अनाज मंडी में अबतक 1890 मीट्रिक टन, धमतान की अनाज मंडी में 1083 मीट्रिक टन, गढ़ी में 1334 मीट्रिक टन, जींद में 465 मीट्रिक टन, खरल में 337 मिट्रिक टन, खरल में 133 मीट्रिक टन, मंगलपुर में 366 मीट्रिक टन, नगूरां में 398 मीट्रिक टन, नरवाना में 10075 मीट्रिक टन, पिल्लूखेड़ा में 570 मीट्रिक टन, सफीदों में 1235 मीट्रिक टन, उचाना में 290 मीट्रिक टन तथा ऑल्ड मार्किट उचाना में 7940 मीट्रिक टन धान की आवक व खरीद की जा चुकी है।

जरूरतमंद व्यक्ति खुले में सोने को मजबूर न हो

जींद। जिला नगरायुक्त अनिल कुमार के मार्ग दर्शन में जिला में रैन बसेरों के सुचारू संचालन एवं वहां उपलब्ध करवाई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जरूरतमंद, बेसहारा एवं निराश्रित व्यक्तियों को रात्रि के समय सुरक्षित आश्रय उपलब्ध करवाने तथा रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर परिषद के ईओ सुशील भुक्कल ने रैन बसेरों में आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा।

जसपिंद्र ने प्रवेश परीक्षा में पाया प्रथम स्थान

जींद। लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विवि हिसार द्वारा पशु चिकित्सा और पशुधन विकास डिप्लोमा प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा में छात्र जसपिंदर पुत्र गुलाब सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज एवं उपाध्यक्षा डा. कांता शर्मा ने छात्र और उनके परिवार वालों को बधाई दी।

मां दुर्गा की आराधना से शहर भक्तिमय

श्रद्धालुओं ने की माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर के सभी मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे

शारदीय नवरात्र के तृतीय दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मां चंद्रघंटा की पूजा की। मंगलवार को भी शहर के सभी मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। नवरात्रों में शहर में जगह-जगह कीर्तन आयोजित होने के कारण पूरा शहर मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो गया है। जैसे-जैसे शाम होनी शुरू होती है वैसे-वैसे मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ने लगती है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सुबह पांच बजे से ही मंदिर में भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो जाती है। जिनमें महिलाओं तथा छोटे बच्चों की संख्या अधिक होती है। अन्य दिनों की अपेक्षा नवरात्रों में भक्तों की भीड़ मंदिरों में ज्यादा जुटती है। श्रद्धालु जल्द से जल्द मां दुर्गा के दर्शनों के अभिलाषी होते हैं। श्रद्धालुओं का यह क्रम सुबह 11 बजे तक चलता है। शाम पांच बजे से श्रद्धालु फिर से मंदिर में आना शुरू हो जाते हैं। इसके अलावा रघुनाथ मंदिर, शीतला माता मंदिर, वैष्णवी धाम, बनभौरी माता, राधा कृष्ण मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर में आयोजित सत्संग तथा कीर्तनों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया है।





जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि मां चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित है। इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। माता सिंह की सवारी करती हैं और इनका शरीर स्वर्ण के समान चमकीला और दिव्य है। इनकी दस भुजाएं हैं, जिनमें त्रिशूल, गदा, तलवार, धनुष, बाण, कमंडल और खड्ग जैसे अस्त्र व शस्त्र सुशोभित हैं। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि मां का भक्त वह-जो निरंतर मां का स्मरण करे। जिसके अंतःकरण में प्रतिक्षण मां की ही स्मृति बनी रहे, जिसके जीवन का प्रधान लक्ष्य केवल मां हो।

केवल परमात्मा ही नित्य और शाश्वत

आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में नवार्ण महायज्ञ में सोमवार की रात मातृभक्तों के समक्ष अपने प्रवचन में कहे। आचार्य ने कहा कि मां की स्मृति केवल उसे रहती है, जो मां को अपना मानता है। प्रकृति का नियम है कि जिसे हम अपना समझते हैं, उसे हम कभी भूलते नही हैं। हम उस व्यक्ति या वस्तु को ही भूलते हैं जिसे हम अपना नहीं समझते हैं, जैसे कोई व्यक्ति अपने माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नि आदि परिजनों को नहीं भूलता, तो इसका कारण यही होता है कि वह इनको अपना मानता है। इनका स्मरण करने के लिए पृथक से कोई उपाय नहीं करना पड़ता। भगवान की स्मृति हमें इसलिए नहीं होती है। क्योंकि हम उसे अपना नहीं मानते, हम भगवान की दी वस्तुओं को तो अपना मानते हैं लेकिन भगवान को नही। आचार्य ने कहा कि केवल परमात्मा ही नित्य है, शाश्वत है, सनातन है इसलिए वे ही हमारे अपने हो सकते हैं। सोमवीर, एडवोकेट नीरज , नरेन्द्र सिंगला व आरएस सिंधवानी, आरपी ग्रोवर, अमित आहुजा, सुशील सिंगला आदि मौजूद रहे।

मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने एनडीए परीक्षा की उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों केतन, दर्शल और आदित्य वशिष्ठ ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं विद्यालय के विद्यार्थी रजत ने हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) में चयन प्राप्त कर एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों से विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य और शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जाताए बल्कि उन्हें जीवन में अपने लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रेरित किया जाता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में एनडीए की तैयारी के लिए विशेष कक्षाओं का संचालन किया जाता है। इन कक्षाओं में विद्यार्थियों को अलग.अलग बैच बनाकर व्यवस्थित ढंग से तैयारी करवाई जाती है। उन्हें विषयों की समझ विकसित करनेए प्रश्नों को हल करने और प्रतियोगी परीक्षाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने में मार्गदर्शन दिया जाता है।



उचाना। भजन-कीर्तन में पहुंचे श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*

नवरात्र में माता की पूजा-अर्चना से विशेष फल : शर्मा

उचाना। महाराजा अग्रसेन मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि नवरात्र का पर्व मां दुर्गा की आराधना, भक्ति और शक्ति की उपासना का विशेष अवसर है। इन नौ दिनों में श्रद्धालु विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र में सच्चे मन से मां दुर्गा की आराधना करने से विशेष फल मिलता है और भक्तों को आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि नवरात्र में मंदिरों में सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती और भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहता है। श्रद्धालु माता के दरबार में माथा टेककर परिवार की सुख-शांति और जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर करने की प्रार्थना करते हैं। मां दुर्गा की उपासना हमें सत्य, धर्म, साहस और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। शर्मा ने कहा कि नवरात्र केवल पूजा-पाठ का पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम, सेवा और अच्छे विचारों को अपनाने का भी संदेश देता है। इस दौरान जरूरतमंदों की सहायता करना, कन्याओं का सम्मान करना और समाज में सद्भाव बनाए रखना भी पुण्य का कार्य है।

एसडीएम ने खरीद केंद्रों का किया निरीक्षण

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र ने उपमंडल के गांव धमतान साहिब तथा गढ़ी स्थित अनाज मंडियों का निरीक्षण कर धान खरीद प्रक्रिया तथा मंडियों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान मार्केट कमेटी सचिव रोशन लाल व नायब तहसीलदार रणवीर सिंह भी मौजूद रहे। एसडीएम ने मंडियों में धान की आवक, खरीद प्रक्रिया, फसल की गुणवत्ता, नमी की मात्रा तथा खरीदी गई धान के उठान की स्थिति की समीक्षा की। धमतान साहिब अनाज मंडी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा गढ़ी अनाज मंडी में हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा धान की खरीद की जा रही थी। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों से खरीद कार्य की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि तय सरकारी मानकों नियमानुसार धान की खरीद सुनिश्चित की जाए एसडीएम जगदीश चंद्र ने इस दौरान धान की नमी की जांच भी की।

क्विज में इंडस स्कूल का पारस प्रथम

जींद। स्थानीय महाराजा अग्रसेन वामवि में भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार स्व. मांगेराम गुप्ता की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अंतर विद्यालय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छठी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए क्ले मॉडलिंग व लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और नौवीं से बारहवीं कक्षा के बच्चों के लिए रंगोलीए मेहंदी व लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 90 बच्चों ने प्रतिभागिता की। इस अवसर पर विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता, राधे श्याम गुप्ता, सचिव जैनेंद्र जैन, सह सचिव श्याम लाल गोयल, प्रबंधन समिति से पीसी जैन, प्रवीण गुप्ता, मनोज काहनोरिया व रामनिवास तायल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार अर्जित बच्चों को एवं सभी प्रतिभागियों को प्रधान महावीर गुप्ता ने पुरस्कृत किया एवं कहा कि स्व. मांगेराम गुप्ता एक बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। बच्चों के प्रति उनका अगाध स्नेह था। उनका सपना था कि हमारे बच्चे सर्वगुण संपन्न बने। उन्हीं के सपनों को



साकार करने हेतु विद्यालय सदैव कृत संकल्प है। प्रधानाचार्या रीटा अरोड़ा ने विभिन्न विद्यालयों से आए हुए अतिथियों व बच्चों का धन्यवाद किया। सभी के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन भी बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। क्विज प्रतियोगिता में इंडस स्कूल के पारस गर्ग प्रथम, रिषिकुल स्कूल के वंशिका द्वितीय, इंडस स्कूल की दक्षिता तृतीय रही। क्ले मॉडलिंग में मोतीलाल स्कूल से दिपांशी प्रथम, डीएवी स्कूल से सोम्या द्वितीय व इंडस स्कूल से हर्षित तृतीय रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आज होगा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

उचाना। सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग उचाना की ओर से 14 को उचाना मंडी की लाला प्रभु दयाल धर्मशाला में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम से मातृशक्ति के सशक्तिकरण के साथ-साथ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया जाएगा। सीडीपीओ कांता यादव, सेवा संकल्प अभियान के संयोजक मा. रामप्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे सशक्त महिला कलश यात्रा से होगी। विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर से कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। नवरात्र के धार्मिक माहौल में महिलाएं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ कलश यात्रा में शामिल होंगी।

हिंदू कन्या महाविद्यालय ने हैंडबॉल में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ खिलाड़ियों की उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का विषय : डॉ. पूनम

हिंदू कन्या कालेज की खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और शानदार खेल प्रदर्शन के दम पर 10 अक्टूबर को एलएनटी कॉलेज पानीपत में अंतर महाविद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर कालेज का नाम रोशन किया हैं। प्रतियोगिता में कालेज की टीम ने बेहतरीन खेल कौशल और मजबूत टीम भावना का परिचय देते हुए एसडी कन्या कालेज नरवाना को 32-30 के अंतराल से हराया और चौधरी रणबीर सिंह विवि की टीम को 17-9 के अंतराल से पराजित कर शानदार जीत हासिल की। पूरी प्रतियोगिता के दौरान हिंदू कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास, तालमेल और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद के क्षेत्र में भी विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करती रही हैं। खेल प्रभारी डा. मीना ने भी खिलाड़ियों की शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनकी मेहनत तथा समर्पण की सराहना की।



नरवाना। दोनों विधार्थियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

वेदांता किड्स के विद्यार्थियों ने स्केटिंग में लहराया परचम

नरवाना। वेदांता किड्स स्कूल बसंत विहार के छात्रों ने एसजीएफआई स्केटिंग अंडर 11 प्रतियोगिता में चौथी कक्षा के दो होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के विद्यार्थी रेयांश नैन ने जिला स्तरीय अंडर-11 स्केटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, चौथी कक्षा के ही प्रतिभाशाली विद्यार्थी आर्यवीर ने जिला स्तरीय अंडर-11 स्पीड क्वाड स्केटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। उनकी सफलता निरंतर अभ्यास, अनुशासन, मेहनत और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। इन विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प और लगन के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय प्रबंधक प्रदीप नैन और सोनिया नैन व स्केटिंग कोच सिमरन ने दोनों विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी।

एसआईआर में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले सुपरवाइजर और बीएलओ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जुलाना के एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीयन अधिकारी होशियार सिंह ने विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत शत-प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सुपरवाइजरों और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्य के प्रति निष्ठा, जिम्मेदारी और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि एसआईआर निर्वाचन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना, मतदाताओं से संपर्क स्थापित करना तथा आवश्यक जानकारी व दस्तावेजों का सत्यापन करना जरूरी है। एसडीएम ने कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भविष्य में भी सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसी लगनए पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। एसडीएम ने बताया कि पीजीटी शशीकांत, महिपाल, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, मीना देवी, शमशेर सिंह, सुरेश कुमार तथा सुखदेव की ड्यूटी एसआईआर कार्य में लगी थी।



जींद। घर के बाहर रखे बर्तन से पानी को फेंकते स्वास्थ्यकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं : तेजवीर

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत आने वाले गांव रधाना में मंगलवार को फीवर मास सर्वे किया गया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह के सुपरविजन में कुल चार टीमें बनाई गई। प्रत्येक टीम द्वारा गांव के प्रत्येक घर में जा कर कूलर, होदी, टंकी, फ्रिज की ट्रे, गमलों इत्यादि में डेंगू, मलेरिया के लारवे की खोज की और जहां-जहां लार्वा मिला, उसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए सुपरवाइजर तेजवीर सिंह ने बताया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। अतः बुखार होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या सरकारी अस्पताल में जाकर अपने खून की जांच जरुर करवाएं। ग्राम पंचायत रधाना और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गांव में फागिंग भी करवाई गई। उन्होंने कहा कि कहा कि सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस अवश्य मनाएं। अपने बच्चों को पूरी बाजू के कपड़े पहनाएं, रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। मच्छर रोधी क्रीम या दवाई का प्रयोग करें।

भारतीय कला केंद्र की ओर से हुडा ग्राऊंड में आयोजित रामलीला का मंचन

जनक दरबार में परशुराम-लक्ष्मण संवाद, विवाह के बाद राम राज्याभिषेक की घोषणा, कैकेयी ने मांगे दो वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। राम विवाह का विहंगम दृश्य। *फोटो :हरिभूमि*

भारतीय कला केंद्र में पहला दृश्य जनक दरबार दिखाया गया। जिसमें भगवान परशुराम पहुंच जाते हैं और टूटे धनुष को देखकर आग बबूला हो जाते हैं। इसी बीच परशुराम और लक्ष्मण के बीच कड़ा संवाद होता है। परशुराम लक्ष्मण के उपर परसे से वार करने का प्रयास करते हैं, तभी विश्वामित्र उन्हें रोक देते हैं। परशुराम के जाने के बाद राजा जनक मंत्रियों को बोलकर राजा दशरथ को भगवान राम व सीता के विवाह का निमंत्रण भिजवाते हैं। फिर राजा दशरथ बारात सहित जनक दरबार पहुंच जाते हैं। फिर बाद में महाराजा दशरथ राम को राज्यभिषेक करने का ऐलान कर देता है। किसी तरह से बात मंथरा के कानों तक पहुंच जाती है और वह जाकर केकैई के कान भर देती है और अपने दो वर मांगने को कहती है जिसमें वो भरत को राज्यभिषेक होना व दूसरा राम को 14 वर्षों के लिए वनों में भेजने का वर मांग बैठती है। यहां लीला को देखने के लिए काफी संख्या में महिला व पुरूषों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। लीला के दौरान खास बात यह रही कि जो राम बारात दिखाई गई वह खाटू श्याम मंदिर परिसर से शुरु की गई। उसके बाद वह पतराम नगर से होती हुई रामलीला स्थल तक पहुंची। बारात का सामाजिक संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन सामाजिक संस्थाओं में भारत विकास परिषद केशव शाखा, श्याम प्रेरणा मंडल के सदस्य पदाधिकारी शामिल रहे।

ये रहे मौजूद

श्री भारतीय कला केंद्र के संस्थापक रामकुमार गर्ग, रामनिवास जैन, सरपरस्त ज्ञाना राम शर्मा, शशिकांत शर्मा, रामअवतार, प्रमोद सिंगला, विनोद मंगला, अनिल गुप्ता, सुभाष, हरीश गुप्ता, अनिल शर्मा, अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

320 के नेत्र जांचे, 65 के करवाए जाएंगे ऑपरेशन

जींद। जींद लायंस क्लब जींद सिटी द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में 59वां निशुल्क आई ऑपरेशन शिविर आयोजित किया । शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय गांधी, रीजन अध्यक्ष पवन बंसल, जोन चेयरमैन धर्मजीत कुन्नर ने मुख्यथिति के रूप में शिरकत की। वहीं लायंस क्लब जींद सिटी के जिला जींद के प्रधान विकास मित्तल और अध्यक्ष सुरेश जिंदल कोऑर्डिनेटर वीपी गर्ग सहित अन्य सदस्यों के साथ मौजूद रहे। विकास मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा जो भी कैंप लगाया जाता है, वो निशुल्क होता है। इसके लिए कोई पर्ची नही काटी जाती है। जो भी खर्चा होता है, वो क्लब द्वारा ही वहन किया जाता है। मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा 59वें कैंप का आयोजन किया गया है और अब तक क्लब 11 हजार लोगों की आंखों के आप्रेशन करवा चुकी है। बताया कि 60वां कैंप 17 नवंबर को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग इस पहुंच कर फायदा उठाएं। कहा की क्लब कैंपों को लगातार चलाए रखेगा।

खबर संक्षेप

वृद्ध सेवा आंगन के लिए सौंपा 11 लाख का चेक

कैथल। सर्वजन सुखाय सेवा ट्रस्ट की ओर से गांव दयोरा में बनाए जा रहे 'आनंदम- वृद्ध सेवा आंगन' के निर्माण कार्य को गति देने के लिए सांसद नवीन जिन्दल द्वारा अपनी घोषणा के मुताबिक 11 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक संस्था के पदाधिकारियों को सौंप दिया गया है। सांसद नवीन जिन्दल की ओर से यह चेक मंगलवार को जिन्दल हाउस कैथल में शिव शंकर पाहवा, दिनेश अरोड़ा और एडवोकेट मनोज दुआ को सौंपा गया।

गोल्ड लाइफ स्कूल ने शीर्ष 100 स्कूलों में बनाई जगह

राजौंद। गोल्ड लाइफ स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए ब्रेनफीड द्वारा किए गए सर्वेक्षण में भारत के शीर्ष 100 स्कूलों में स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की इस उपलब्धि से प्रबंधन, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

राजकीय कन्या कॉलेज चीका में हेल्थ कैंप

गुहला-चीका। राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका में कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस समिति की ओर से एक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।कैंप में सामान्य अस्पताल चीका से डॉक्टर अमृतपाल, एएनएम रेनू और एएनएम सुदेश मेडिकल टीम के रूप में उपस्थित रहे। कैंप में लगभग 120 छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने चेकअप करवाया।

ठंडा पड़ता नजर आ रहा है मिड डे मील का चूल्हा

कैथल। भले ही सरकार व शिक्षा विभाग विद्यार्थियों को शिक्षा दिलाने व लाभकारी योजनाओं पर करोडों खर्च करने के दावे करे लेकिन हकीकत यह है कि अब कुकिंग कोस्ट के बजट के अभाव में राजकीय स्कूलों में गरीब बच्चों को मिलने वाले मिड डे मील का चूल्हा ठंड पडता नजर आ रहा है। इस पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने गहरी चिंता जताई है।

कैनोइंग के ट्रायल 15 अक्टूबर को जींद में होंगे

कैथल। जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत ओपन कैटेगरी (महिला एवं पुरुष) में कैनोइंग खेल के ट्रायल 15 अक्टूबर को जींद के पांडु पिंडारा तीर्थ स्थल पर आयोजित किए जाएंगे। कैथल में तकनीकी उपकरण उपलब्ध नहीं होने के कारण ट्रायल का आयोजन जींद में किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि ट्रायल प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होंगे।

दुर्गा मंदिर में मां चंद्रघंटा की पूजा

राजौंद। नवरात्र के तीसरे दिन दुर्गा मंदिर में मां चंद्रघंटा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। श्रद्धालुओं ने मां भगवती के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।मंदिर में महिला संकीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाओं ने मां भगवती की महिमा का गुणगान की भजनों की प्रस्तुति दी।

चिकित्सक पर किया स्टील के हैंडल से हमला

कैथल। शहर की बालाजी कॉलोनी में एक डॉक्टर पर स्टील के हैंडल से हमला कर दिया। मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर की शिकायत पर उनके भाई के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में डॉक्टर मनिंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि वह 7 अक्टूबर को शाम करीब 6 बजे अपने पिता महावीर सिंह के साथ घर पर थे। इसी दौरान विरेंद्र वहां आया और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि जब पिता ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने उनके साथ भी अभद्रता की और हाथ में पकड़े स्टील के हैंडल से उसके सिर पर वार किया। इसके बाद पिता ने बीच-बचाव किया। आरोप है कि विरेंद्र ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी।

महाराजा अग्रसेन की भव्य पुष्प प्रतिमा रही आकर्षण का केंद्र

सांस्कृतिक व हास्य कवि सम्मेलन में उमड़े समाज के लोग, एकता का दिया संदेश

- पारिवारिक वातावरण, सामाजिक समरसता और महाराजा अग्रसेन के आदर्शों के प्रति श्रद्धा का सुंदर दृश्य देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

अग्रवाल युवा सभा कैथल द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर ढांड रोड स्थित वृंदावन गार्डन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और सामाजिक एकता के साथ किया गया। पूरे आयोजन के दौरान पारिवारिक वातावरण, सामाजिक समरसता और महाराजा अग्रसेन के आदर्शों के प्रति श्रद्धा का सुंदर दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, नगर परिषद कैथल की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, अग्रवाल युवा सभा के प्रधान राम प्रताप गुप्ता सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, मंडियों के प्रधान एवं उपप्रधान, शैलर एसोसिएशन के प्रधान डॉ. डी. पी. गुप्ता तथा शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर की। समारोह स्थल पर महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा को फूलों से आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया, जो कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक रही। अतिथियों के आगमन पर ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। आयोजन स्थल को सुंदर ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। अग्रवाल युवा सभा के प्रधान राम प्रताप गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी रही। रामप्रताप गुप्ता प्रधान अग्रवाल युवा सभा कैथल, राम कुमार बंसल चेयरमैन, मनोज बंसल संयोजक, मोहनलाल गुप्ता महासचिव, संजय बंसल उपप्रधान, हिमांशु गोयल एडवोकेट सह सचिव, सुभाष बंसल कोषाध्यक्ष, रामनिवास मित्तल पार्षद, अनिल खुरानिया पार्षद, विजय गर्ग पार्षद, अनीश गुप्ता पार्षद प्रतिनिधि नगर परिषद कैथल, पुनीत आदि मौजूद रहे।



कैथल। हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता को सम्मानित करते प्रधान रामप्रताप गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

राम प्रताप गुप्ता के नेतृत्व में दिखी एकता की मिसाल

अग्रवाल युवा सभा के प्रधान राम प्रताप गुप्ता ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, समाज के वरिष्ठजनों, माताओं-बहनों, युवाओं, बच्चों, कवियों, कलाकारों, सहयोगी संस्थाओं और आयोजन में योगदान देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में महिला इकाई की ओर से शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और उत्साह ने समारोह की शोभा बढ़ाई। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, रंगारंग झांकियों तथा राधा-कृष्ण नृत्य ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से सुपर्श्व जैन स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक नृत्यों को दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों की ऊर्जावान प्रस्तुतियों और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में प्रस्तुत झांकियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली। पूरे आयोजन में बच्चों, महिलाओं और युवाओं की भागीदारी ने यह संदेश दिया कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में प्रत्येक पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कवियों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने बजाई तालियां

सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध कवयित्री अनामिका अंबर जैन एवं उनकी टीम के कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन में मास्टर योगेंद्र रोड, राजेश अग्रवाल, स्वाति खुशबू सुंदर कटारिया सहित अन्य कवियों ने काव्य पाठ किया। हास्य, व्यंग्य, सामाजिक सरोकारों और जीवन से जुड़े विषयों पर आधारित कविताओं ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवियों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया। कवि सम्मेलन ने कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ-साथ साहित्य और काव्य के प्रति रुचि को भी प्रोत्साहित किया। देर तक चले इस आयोजन में उपस्थित लोगों ने कवियों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

लकी ड्रॉ में आकर्षक उपहारों ने बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया, जिसमें विभिन्न आकर्षक उपहार निकाले गए। इनमें इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रथम पुरस्कार के रूप में शामिल रही। इसके अतिरिक्त वॉशिंग मशीन, फ्रिज, टीवी, मिक्सी-ग्राइंडर सहित कई उपहारों के विजेताओं की घोषणा की गई। लकी ड्रॉ के दौरान उपस्थित लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पुरस्कार वितरण ने समारोह में मनोरंजन और उमंग का एक और रंग जोड़ दिया।



पूंडरी। तबादलों के विरोध में नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

जेई के तबादलों के विरोध में बिजली कर्मियों का धरना जारी

- तबादले रद्द नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

एचएसईबी वर्कर यूनियन मुख्यालय भिवानी, पंजीकरण नंबर 292 की सभी सब यूनिटों का धरना प्रर्दशन यूनिट पूण्डरी के आह्वान पर डिविजन प्रागंण पूण्डरी में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक सुनील जेई व नरेश जेई के नाजायज तबादला करने के विरोध में कार्य निलम्बित करके यूनिट पूण्डरी स्तर पर 26वें दिन हुआ। जिसकी अध्यक्षता पूण्डरी यूनिट उपप्रधान विनोद कुमार एवं मंच का संचालन सब यूनिट न.2 कैशियर राजेन्द्र शर्मा ने किया। इस रोष स्वरूप धरना प्रर्दशन का मुख्य उदेश्य विधायक सतपाल जांबा के द्वारा विभाग के नियमों के खिलाफ गलत कामों का नाजायज दबाब बनाकर काम करने का तरीका अपनाता है जो कि निगम के नियमों के खिलाफ है। विनोद कुमार यूनिट उप प्रधान पूण्डरी ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि विधायक पूण्डरी व निगम प्रशासन अपनी हठधर्मिता व तानाशाही रवैया पर अडा हुआ है ओर बिजली विभाग के कर्मचारियों के विरुद विवादित ब्यान बाजी करता है और सभी कर्मचारियों को भ्रष्ट व कामचोर बोलता है जिससे इन नाजायज तबादलों से व विधायक पूण्डरी के विवादित ब्यान बाजी से यूनियन के सभी कर्मचारियों में भारी रोष है।

मौजूद रहे

इस मौके पर केन्द्रीय परिषद में ज्वाइट सैक्रेटरी सतबीर सिंह, यूनिट प्रधान जितेन्द्र बाकल, यूनिट सचिव श्री रामेहर जेई कुलदीप सिंह कैशियर जिला महासंघ कैथल, हरिकिशन मुख्य संगठनकर्ता यूनिट पूण्डरी प्रवीण बतान, प्रधान सब यूनिट न.1, सब यूनिट न.1 सैक्रेटरी सुशील नैन, सतीश कुमार प्रधान सब यूनिट न.2, सब यूनिट न.2 सैक्रेटरी यशपाल, डिविजन प्रधान सुशील कुमार, सुरजीत डिविजन सचिव,गुरदेव मुडें यूनिट कैशियर, कुलदीप बनवाला, विनोद कुमार उपप्रधान यूनिट अश्विनी ढाण्डा प्रधान राजौंद, अंकुर मैहला प्रधान ढाण्ड, प्रवीण कुमार सचिव ढाण्ड, रणधीर जेई प्रधान टी एल, मुकेश कोटडा सचिव सब यूनिट राजौंद सोहन लाल उपप्रधान, धर्मपाल जेई, सिया राम जेई, संजय जेई, सुशील जेई, सुरेश जेई, घनश्याम जेई, ईश्वर, सुरेन्द्र कौर, सकीना, मंजू, रेखा मनीषा ने शिरकत की।

जिप की राजनीति पर 'आप' का सवाल

- भाजपा की बस के ड्राइवर-कंडक्टर कौन : जगमग मटौर

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जिला परिषद कैथल में गंगाधर ही शक्तिमान वाली स्थिति, भाजपा की बस के ड्राइवर-कंडक्टर कौन जगमग मटौर आप जिला अध्यक्ष ने भाजपा, कांग्रेस और इनेलो की भूमिका पर उठाए सवाल कहा जनता को बयान नहीं, राजनीतिक फैसलों पर स्पष्ट जवाब चाहिए जिला परिषद में विकास कार्यों और कथित अनियमितताओं पर बड़े नेताओं की चुप्पी को लेकर मांगा जवाब। कैथल जिला परिषद कैथल की राजनीति को लेकर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगमग मटौर ने भाजपा, कांग्रेस और इनेलो के नेताओं की भूमिका पर सवाल उठाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिला परिषद कैथल के हालात ऐसे हो गए हैं कि यहां गंगाधर ही शक्तिमान बने बैठे हैं। उन्होंने राजनीतिक कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा की बस चल रही है, लेकिन जनता यह जानना चाहती है कि इस राजनीतिक बस के ड्राइवर और कंडक्टर कौन हैं। उन्होंने इस संदर्भ में इनेलो प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामपाल माजरा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला की भूमिका पर सवाल खड़े किए। जगमग मटौर ने कहा कि जिला परिषद में भाजपा का चेयरमैन होने के बावजूद विकास कार्यों को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

सभी मुद्दों पर खुलकर सामने आए



जगमग मटौर ने मांग की कि जिला परिषद कैथल से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर संबंधित राजनीतिक दल और जनप्रतिनिधि खुलकर सामने आएं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन जनता के हितों और ग्रामीण विकास के सवालों पर जवाबदेही से बचना उचित नहीं है। अब देखना यह होगा कि भाजपा, कांग्रेस और इनेलो के नेता इन सवालों पर अपना पक्ष रखते हैं या नहीं।

आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा पर व्याख्यान

- ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पुंडरी में एनएसएस सेल की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पुंडरी में एनएसएस सेल द्वारा आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित आपदाओं के प्रति जागरूक करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों, बचाव कार्यों और नागरिक सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना था। महाविद्यालय के संरक्षक चौ. तेजवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा का ज्ञान प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग बनाते हैं तथा संकट की घड़ी में दूसरों की सहायता करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने छात्राओं को जागरूक, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने अपने संदेश में कहा कि आपदा प्रबंधन का उद्देश्य केवल आपदा आने के बाद राहत एवं बचाव कार्य करना नहीं, बल्कि आपदा से पहले जोखिम को पहचानना, आवश्यक तैयारियां करना है।



पूंडरी। कार्यक्रम एनएसएस में भाग लेती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

समाज सेवा जरूरी

इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. विनय खुरानिया , विभागाध्यक्षा, वाणिज्य विभाग ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप, बाढ़, आग लगने, सड़क दुर्घटनाओं तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान जागरूकता, सतर्कता और समय पर उचित कार्रवाई करना अत्यंत आवश्यक है। एनएसएस संयोजक डॉ. अनु ने अपने संदेश में कहा कि एनएसएस का उद्देश्य छात्राओं में समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा से संबंधित जानकारी छात्राओं को संकट की परिस्थितियों में जागरूक, सतर्क और सहयोगी बनने में सहायता करती है।

सेवा सेतु कैंप में दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

- भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने की मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

सेवा संकल्प अभियान के तहत ढांड स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ ढांड मार्किट कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र मैहला भी मौजूद रहे। कैंप के माध्यम से विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं की जानकारी लोगों को दी गई। कैंप में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। पात्र लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। मौके पर ही लाडो लक्ष्मी योजना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के पंजीकरण करवाए गए। इस अवसर पर ढांड बीडीपीओ राज सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमितेंद्र श्योकंद सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



ढांड। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर सेवा सेतु कैंप का शुभारंभ करते हुए।

सरकारी सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने का प्रयास

मुख्य अतिथि अशोक गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब प्रत्येक पात्र नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और विकास की मुख्यधारा में उसकी भागीदारी सुनिश्चित हो। सेवा संकल्प अभियान इसी भावना के अनुरूप जनसेवा को प्राथमिकता देने और लोगों तक सरकारी सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने का प्रयास है।

मंडी में किसानों की समस्याओं से रूबरू हुए भाकियू चढ़ूनी के प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चहल ने मंगलवार को राजौंद अनाज मंडी का दौरा कर धान लेकर पहुंचे किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने मंडी में किसानों द्वारा धान की खरीद, उठान, बारदाने और फसल बिक्री में आ रही दिक्कतों को लेकर किसानों से विस्तार से चर्चा की।किसानों ने बताया कि मंडी में धान की आवक लगातार बढ़ रही है, लेकिन खरीद प्रक्रिया सुचारु नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई किसान अपनी फसल लेकर कई दिनों से मंडी में इंतजार कर रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ फसल की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। उन्होंने मंडी में मौजूद किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा और खरीद प्रक्रिया को सुचारु करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कई किसान व किसान संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राजौंद। अनाज मंडी में किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानते भाकियू चढ़ूनी के प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चहल। फोटो: हरिभूमि

सारणी 28 अक्टूबर को पूंडरी के 100 विद्यालयों में होगी परीक्षा

माय भारत क्विज के लिए 100 विद्यालयों के शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण, डीएवी कॉलेज पूंडरी में कार्यक्रम

- विद्यार्थियों को भारत के गौरवशाली इतिहास और तिरंगे की विकास यात्रा से कराया जाएगा परिचित

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

सांसद नवीन जिंदल की पहल पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया और शिक्षा विभाग कैथल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को डीएवी कॉलेज पूंडरी में माय भारत क्विज के लिए नोडल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पूंडरी के 100 विद्यालयों से आए नोडल शिक्षकों को क्विज के उद्देश्य, संचालन प्रक्रिया, दिशा-निर्देश और परीक्षा आयोजन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही क्विज के पाठ्यक्रम पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. राजेश तूरां ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि माय भारत क्विज विद्यार्थियों के ज्ञान को समृद्ध करने के साथ उनमें देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना को भी बढ़ावा देगी।



पूंडरी। शिक्षकों के साथ सांसद नवीन जिंदल टीम सदस्य। फोटो: हरिभूमि

यात्रा से परिचित कराना

सांसद नवीन जिंदल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय ध्वज की विकास यात्रा से परिचित कराना है। नवीन जिंदल का विजन है कि प्रत्येक नागरिक के मन में तिरंगे के प्रति सम्मान और गर्व की भावना मजबूत हो तथा वह राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान दे।

राष्ट्रप्रेम जागृत करना

कार्यक्रम में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी मेजर जनरल असीम कोहली (सेवानिवृत्त) ने सांसद नवीन जिंदल के प्रतिनिधि के रूप में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षकों को विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय जागरूकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के लिए प्रयास करने चाहिए। नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया का उद्देश्य विद्यार्थियों को सीखने के अधिक अवसर उपलब्ध कराना और उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना है।

यूथ वीरांगनाओं ने शुरू किए फ्री सिलाई और ब्यूटी पार्लर सेंटर



कैथल। यूथ वीरांगनाओं की ओर से अंबेडकर नगर, करनाल रोड स्थित सेलर वाली गली नंबर 10 में निशुल्क सिलाई और ब्यूटी पार्लर सेंटर शुरू किए गए। सेंटरों का शुभारंभ एसएचओ गीता ने किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास लड़कियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कई परिवारों में कम उम्र में ही लड़कियों की शादी कर दी जाती है। बाद में वे अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती हैं, लेकिन हुनर और रोजगार के अवसरों की कमी के कारण उन्हें परेशानी होती है। सिलाई और ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण लेकर लड़कियां अपना काम शुरू कर सकती हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। एसएचओ ने कहा कि समाज में कुछ लोग लड़कियों को आगे बढ़ने से रोकते हैं। लड़कों के देर से घर आने पर सवाल नहीं उठाए जाते, जबकि लड़कियों को कई तरह की पाबंदियों का सामना करना पड़ता है। लड़कियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

खबर संक्षेप

डेरा बाबा राजपुरी से लाखों का सामान चोरी

कैथल। शहर के डेरा बाबा राजपुरी के बड़ी देवी मंदिर में चोरों ने दो माह में दो बार सोने व चांदी के सिक्कों व नकदी सहित 3 से 4 लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। मामले में शहर थाना पुलिस ने डेरे के महंत की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महंत हीरापुरी ने बताया कि पहले चोरों ने 31 अगस्त की रात में डेरे के तीन दरवाजों के ताले तोड़कर करीब एक लाख रुपए की नकदी, 5 और 10 रुपए के सिक्के, 6 ग्राम का सोने का सिक्का, चांदी के छत्र और बाबा की झालरें चोरी कर लिया।

प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस की बर्बरता पर रोष जताया

जींद। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला कमेटी कमेटी ने 10 से 11 अक्टूबर को दिल्ली में छात्राओं और महिला कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट, दुर्व्यवहार और जबरन हिरासत में लिए जाने की कड़ी निंदा की है। जनवादी महिला समिति की जिला कैसियर नूतन प्रकाश और जिला सचिव कोसीगन ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार है। इस अधिकार का इस्तेमाल करने वाली युवा महिलाओं पर पुलिस बल का प्रयोग करना और उनकी आवाज दबाने की कोशिश करना लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे लगाती है।

छात्राओं के यौन उत्पीड़न मामले में कांग्रेस की चुप्पी शर्मनाक : डॉ. मिड्ढा

जिला भाजपा ने कांग्रेस कार्यालय के सामने धरना देकर किया प्रदर्शन

महिला सम्मान से ज्यादा आरोपित कांग्रेस सांसद को राजनीतिक संरक्षण देना जरूरी : डॉ. पुष्पा तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कांग्रेस कार्यालय के सामने धरना देते हुए भाजपा महिला कार्यकर्ता।



जींद। धरने को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

कांग्रेस सांसद एवं प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजाम द्वारा छात्राओं का यौन शोषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपा महिला मोर्चा के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय के सामने धरना देकर विरोध प्रर्दशन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद को बर्खास्त करते हुए कार्रवाई की मांग की। धरने की अध्यक्षता भाजपा जिला महामत्री डा. पुष्पा तायल ने की। विस डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा धरने में शामिल हुए और कांग्रेस पर निशाना साधा। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल ने कांग्रेस को अपने गिरेबान में झाकने की नसीहत दी।

भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल ने कहा कि सांसद को कांग्रेस से निष्कासित करने और लोकसभा से इस्तीफा दिलवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद पर गंभीर आरोप लगे हैं। कांग्रेस नेतृत्व चुप्पी साधे हुए है। जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि महिलाओं को देश नारी शक्ति का दर्जा है। कांग्रेस सांसद की घिनौनी करतूत सबके सामने है। कांग्रेस हाईकमान अपने सांसद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होने कहा कि छात्राओं को न्याय मिलना चाहिए और मामले में निष्पक्ष जांच के साथ दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश बैरागी हाट ने कहा कि इससे शर्मनाक हरकत कोई नही हो सकती है। जब जनप्रतिनिधी पर ऐसे आरोप लगे और कांग्रेस पार्टी अपने सांसद का बचाव करे।

कांग्रेस सांसद को देना चाहिए इस्तीफा : डिप्टी स्पीकर

विस डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि पूरा हिदुस्तान मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर रहा है। ऐसे में कांग्रेस के सांसद पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं। ऐसे सांसद को अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। नारी शक्ति की यह मांग है कि मां के नवरात्रों के दौरान राहुल गांधी को उसका इस्तीफा मंजूर कर देना चाहिए। जिसे बहुत पुण्य मिलेगा। जो आंदोलन जंतर-मंतर पर चल रहा है, उसमें विदेशी शक्तियां काम कर रही है। वहीं कांग्रेस देश को खंड-खंड करने की बात कर रही है। महिलाओं और बच्चियों से जुड़े ऐसे गंभीर मामलों में जवाबदेही तय करना बेहद जरूरी है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की बेटियों को सशक्त बनाने और उन्हें आगे बढने की प्रेरणा देते हैं, जबकि कांग्रेस नेतृत्व का रवैया गंभीर सवाल खड़े करता है। महिलाओं और बच्चियों के सम्मान से जुड़े मामलों में राजनीति करने के बजाय जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। अगर कोई परंपराओं को खंडित करने या उनका अपमान करने का प्रयास करेगा तो देश की जनता उसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।



जींद। धरने को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस मौके पर नप चेयरमैन डा. अनुराधा सैनी, सुषमा अत्री, कविता शर्मा, मार्केट कमेटी चेयरमैन मनीष गोयल, वाइस चेयरमैन हरिदास सैनी, अंकिता, योगिता, गीता समेत काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



नरवाना। शिक्षा भारती माडल स्कूल के बच्चो को सम्मानित करते हुए।

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में स्टार ऑफ द मंथ समारोह में छात्रों को किया सम्मानित

नरवाना। शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में सितंबर माह विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टार ऑफ द मंथ सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय द्वारा इस बार विद्यार्थियों के उत्कृष्ट यूनिफॉर्म, श्रेष्ठ व्यवहार, उत्तम भाषा शैली, सुंदर लेखन तथा शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी विषयों में सुंदर लेखन के लिए भी विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस समारोह में प्री-नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रशासन द्वारा चयनित विद्यार्थियों को स्टार ऑफ द मंथ सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रधानाचार्या अनिल चहल ने कहा कि विद्यार्थियों की छोटी-छोटी उपलब्धियों को पहचानना और उन्हें सम्मान देना उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डायरेक्टर वीरेंद्र बिढ़ान और चेयरमैन प्रवीण कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की छिपी हुई प्रतिभा को निखारना भी है।



पूंडरी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लो के साथ।

मॉडल यूनाइटेड नेशंस प्रतियोगिता में ध्रुव स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

पूंडरी। पब्लिक स्कूल पूंडरी के विद्यार्थियों ने दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), पानीपत में आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी तार्किक क्षमता, प्रभावशाली वक्तृत्व कला और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए बेस्ट डेलीगेट, बेस्ट मेंशन और वर्बल मेंशन सहित कई पुरस्कार अपने नाम किए। प्रतियोगिता में पानीपत और आसपास के क्षेत्रों के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, मंगलम वर्ल्ड स्कूल, जीडी गोयंका, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल और एसडी विद्या मंदिर सहित कई प्रमुख विद्यालय शामिल रहे। ऐसे प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच ध्रुव पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए निर्धारित विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए अपनी संवाद क्षमता, तार्किक चिंतन और नेतृत्व कौशल का परिचय दिया।

किठाना कॉलेज के छात्रों ने ढोसी की पहाड़ी पर किया भौगोलिक सर्वेक्षण

- पहाड़ी क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति और विकास सुविधाओं का किया प्रत्यक्ष अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। भौगोलिक सर्वेक्षण के दौरान क्षेत्र का प्रत्यक्ष अध्ययन करते किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थी व प्राध्यापक।

किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने भूगोल विषय के अंतर्गत ढोसी की पहाड़ी पर शैक्षणिक भौगोलिक सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य पहाड़ी क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, सामाजिक-आर्थिक स्थिति तथा वहां उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का प्रत्यक्ष अध्ययन करना और विकास की पहुंच का जायजा लेना रहा। सर्वेक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने पहाड़ी क्षेत्र के प्राकृतिक एवं भौगोलिक स्वरूप का अवलोकन करने के साथ-साथ स्थानीय जनजीवन, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी जुटाई। विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, पेयजल सहित अन्य विकासात्मक सुविधाओं की स्थिति का भी अध्ययन किया। इसके अलावा उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के समक्ष आने वाली समस्याओं को समझने का प्रयास किया। भूगोल विषय के सहायक प्राध्यापक सतीश कुमार ने सर्वेक्षण का समन्वय किया और विद्यार्थियों को क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करवाया।

पैक्स कर्मियों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

कैथल। पैक्स कर्मचारी यूनियन कैथल का अनिश्चितकालीन आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन में प्रवेश कर गया। प्रदर्शन स्थल पर कर्मचारियों का जोश और आक्रोश साफ देखने को मिला। यूनियन ने अपनी पुरानी मांगों को दोहराते हुए प्रशासन और बैंक प्रबंधन पर जमकर निशाना साधते हुए जोरदार नारेबाजी की और चेतावनी दी कि अब प्रशासन की 'कुंभकरण की नींद' तोड़ने का काम किया जाएगा। आंदोलन के दूसरे दिन कुरुक्षेत्र जिला पैक्स कर्मचारी संघ ने भी पहुंचकर इसे अपना समर्थन दिया। धरना प्रदर्शन मे कर्मचारी को संबोधित करते हुए एसकेएस के राज्य के वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह, जिला प्रधान ओमपाल भाल, सचिव शिवचरण व वरिष्ठ उपप्रधान छज्जूराम ने दो टूक कहा कि पैक्स कर्मचारियों पर बेबुनियाद आरोप मढ़े जा रहे हैं, जबकि असली दोषी कोई और है। बैंक की दमनकारी नीतियां ही आज इस हालात के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कर्मचारी पहले ही मानसिक व आर्थिक दबाव में काम कर रहे हैं। संघ कैथल के प्रधान ओमपाल भाल ने मंच से ऐलान किया कि पैक्स कर्मचारियों का यह संघर्ष न्याय की लड़ाई है और सर्व कर्मचारी संघ हर कदम पर इनके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।




कैथल। धरने पर नारेबाजी करते पैक्स कर्मचारी

रामलीला धार्मिक आस्था सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक : राजकुमार

- 1955 से जींद में हो रही किले वाली रामलीला के मंचन में मुख्यअतिथि के रूप में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

श्री सनातन धर्म आदर्श रामलीला समिति जींद की ओर से रामलीला मंचन आठ अक्टूबर से शुरू हो चुका है। किले वाली रामलीला के नाम से प्रसिद्ध यह रामलीला 1955 से इसी मैदान में आयोजित की जा रही है। रामलीला में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार गोयल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर समिति के संरक्षक संतलाल चुघ, प्रधान रवि गुम्बर, संरक्षक वेद प्रकाश विरमानी, फर्नीचर एसोसिएशन के सदस्य सोमनाथ गोयल, अग्रवाल समाज के महासचिव रामधन जैन, अग्रवाल समाज महिला विंग की संरक्षक पुष्पा गोयल आदि रहे।



जींद। रामलीला मंचन के दौरान राजकुमार गोयल व अन्य को सम्मानित करते हुए।

भगवान श्रीराम के आदर्शों का करें पालन : गोयल

गोयल ने कहा कि रामलीला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है बल्कि यह हमारी भारतीय संस्कृति धार्मिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। गोयल ने कहा कि आज के समय में युवा पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाना बहुत जरूरी है। उन्होने कहा कि जींद की किले वाली रामलीला का वर्ष 1955 से लगातार आयोजित होना शहर की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

रामलीला में किया श्रीराम के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण मंचन

- रामलीला मंचन के तहत आज शहर में निकाली जाएगी बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। चंदाना गेट स्थित श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में रामलीला का मंचन करते कलाकार।

चंदाना गेट स्थित श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में श्री गणेश ड्रामेटिक क्लब की ओर से आयोजित रामलीला के तीसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। समाजसेवी एवं प्रमुख उद्योगपति सुरेश गर्ग नौच ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंचन के माध्यम से भगवान श्रीराम के जन्म, उनके आदर्शों और धर्म की स्थापना के महत्व को दर्शाया गया। प्रसंग देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्म की सूचना मिलते ही उत्सव का माहौल बन गया। कलाकारों ने अपने अभिनय से प्रसंग को जीवंत कर दिया। श्रीराम जन्म के दृश्य के दौरान दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रामलीला मंचन के तहत शहर में आज श्रीराम की बारात निकाली जाएगी।

कुरुक्षेत्र विवि अंतर कॉलेज बास्केटबॉल पुरुष व महिला चैंपियनशिप में आरकेएसडी विजेता

- खेल विद्यार्थियों में टीम भावना करता है विकसित : अश्विनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। आर के एस डी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक नवनीत गोयल एडवोकेट खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए। फोटो:हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप 2026-27 के अंतर्गत आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बास्केटबॉल मुकाबलों का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरुष वर्ग में यू.टी.डी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा बी.पी.आर. के बीच मुकाबला हुआ। वहीं, महिला वर्ग में आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल की टीम का मुकाबला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यू.टी.डी. की टीम के साथ हुआ।इन दोनों सप्रधाओं में आरकेएसडी कॉलेज विजेता रहा कल से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मुकाबले होंगे इस अवसर पर आर.के.एस.डी. कॉलेज एवं प्रबंधन समिति के प्रधान अश्विनी शोरेवाला ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एसडीएम के निर्देश पर शिवानिया स्कूल के सामने बना स्पीड ब्रेकर

- छह गांवों के ग्रामीणों की मांग पर हुई कार्रवाई, हादसों पर लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। शिवानिया पब्लिक स्कूल के सामने हाइवे पर बनाया गया स्पीड ब्रेकर।

नेशनल हाईवे पर शिवानिया पब्लिक स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर बनने से सड़क हादसों पर अंकुश लगने की उम्मीद है। छह गांवों के ग्रामीणों ने यहां चौक बनाने और हादसों को रोकने के लिए एसडीएम सुमन यादव से मुलाकात कर मांग उठाई थी। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम ने मौके का निरीक्षण कर एनएचएआई को स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद यहां स्पीड ब्रेकर बना दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि शिवानिया पब्लिक स्कूल के सामने हाईवे पर वाहनों की रफ्तार तेज रहती है। इससे करसिंधु, शिवानिया स्कूल की तरफ आने-जाने वाले वाहन चालकों को हादसे का खतरा बना रहता था। ग्रामीणों के अनुसार, इस स्थान पर पहले भी कई लोगों की दुर्घटनाओं में जान जा चुकी है। स्पीड ब्रेकर बनने से वाहनों की गति नियंत्रित होगी और हादसों की आशंका कम होगी।

आपदा प्रबंधन पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

कैथल। आपदा जोखिम न्यूनीकरण अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, कैथल में माई भारत के सौजन्य से खेल प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आपदा प्रबंधन, जोखिम न्यूनीकरण और आपातकालीन परिस्थितियों में जागरूकता एवं बचाव के उपायों पर अपने विचार साझा किए। खेल प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. अभिषेक गोयल ने कहा कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए जागरूकता, पूर्व तैयारी और सामूहिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास यादव ने कहा कि आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

समस्याओं का त्वरित समाधान और जींद का विकास मेरी प्राथमिकता : डॉ. कृष्ण

कंडम बिजली के तार बदलने व अंडरग्राउंड केबलिंग पर फोकस : मिड्ढा

जनता दरबार में समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए समयबद्ध समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। अपने आवास पर जनसमस्याएं सुनते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रयासों से जींद जिले को नौ नेशनल हाइवे से जोडने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। बेहतर सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र की आर्थिक प्रगति का आधार होता है। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार से जींद की दूसरे शहरों और प्रमुख औद्योगिक केंद्रों तक पहुंच बेहतर होगी। इससे परिवहन सुविधाओं में सुधार, व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार और निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

जींद वासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करवाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मंगलवार को अपने आवास पर आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं की प्रकृति के अनुसार प्राथमिकता तय कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नायब सरकार अंत्योदय की भावना के अनुरूप कार्य करते हुए के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

हैबतपुर मेडिकल कॉलेज से लोगों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि हैबतपुर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज जींद जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से जिले और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। इससे लोगों को उपचार के लिए दूरदराज के शहरों में जाने की आवश्यकता कम करने में मदद मिलेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास किसी भी शहर की प्रगति के लिए आवश्यक है।

स्वागत द्वारों से निखरेगा जींद शहर का स्वरूप

डिप्टी स्पीकर ने बताया कि जींद शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य शहर के प्रवेश मार्गों और प्रमुख स्थानों को बेहतर स्वरूप देना तथा शहर की पहचान को और आकर्षक बनाना है।

अधिकारियों को जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश

डिप्टी स्पीकर ने अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों को केवल औपचारिकता के रूप में न लें बल्कि उनके समाधान के लिए गंभीरता से कार्य करें। प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति को राहत प्रदान की जाए। केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से जिले में बुनियादी सुविधाओं का विस्तारए विकास परियोजनाओं को गति और नागरिकों के जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।